महत्वपूर्ण एवं खास

पंचायत सचिव गेंदलाल सिदार निलंबित

रायगढ़। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायगढ़ जितेन्दर यादव ने जनपद पंचायत खरसिया ग्राम पंचायत मीनगांव के पंचायत सचिव गेंदलाल सिदार को गोधन न्याय योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने, मुख्यालय पंचायत से अनुपस्थित रहने एवं जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने के कारण दोषी पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत खरसिया निर्धारित किया गया है।

कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में संविदा भर्ती: 14 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

सारंगढ़.बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ द्वारा निर्वाचन कार्यालय एवं विधानसभा क्षेत्रों के अनुविभागीय अधिकारी (रिटर्निंग ऑफिसर) कार्यालय हेतु सहायक ग्रेड 3 (संविदा) के 5 पद और भृत्य के 4 पद (कलेक्टर दर पर) 06 माह के निर्वाचन कार्य के लिए योग्य अभ्यर्थी 12 जुलाई से 14 जुलाई 2023 तक कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़ में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं। सहायक ग्रेड 3 और भृत्य पद के लिए योग्यता, चयन प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी कार्यालय कलेक्टर सारंगढ़, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन किया जा सकता है और फेसबुक पेज सारंगढ़ बिलाईगढ़ पीआरओ पर अपलोड किया गया है।

मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु सतर्क रहने स्वास्थ्य अधिकारी ने की जनसामान्य से अपील

रायगढ़। सीएमएचओ डॉ. मधुलिका सिंह ठाकुर ने ऋतु परिवर्तन से होने वाली मौसमी बीमारी के प्रति जनसामान्य को सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि मौसम और तापमान में बदलाव के कारण संक्रमण फैल सकते है। क्योंकि वातावरण और तापमान में बदलाव होने के कारण कुछ चीजों को दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बना लें और स्वस्थ रहने के लिए कुछ बातों पर मुख्य रूप से ध्यान देना चाहिए। बरसात का मौसम अपने साथ-साथ उल्टी-दस्त, पीलिया एवं टायफायड जैसे बीमारियों को भी लेकर आता है। जिससे अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का ध्यान रख कर बचा जा सकता है। बरसात के दिनो में पीने का पानी को उबालकर उपयोग करें, अपने घरों के आस-पास गंदे एवं सड़े-गले पदार्थों का जमाव नहीं होने दें। बाजार से लाये गये खुले खाद्य पदार्थ जैसे (फल, सब्जी, मांस, मछली) को अच्छी तरह से साफ कर उपयोग करें, घर में कोई भी खाद्य पदार्थ खुला न रखें। गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करें। बरसात के मौसम में जहरीले कीड़े/जंतु के कांटने की भी अधिक संभावना रहती है। मच्छरदानी का प्रयोग करें। अत: घर में आवश्यकतानुसार कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करते रहना चाहिये।

स्वीप कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में बैठक 12 जुलाई को

रायगढ़। आगामी विधानसभा निर्वाचन-2023 माह नवंबर-दिसम्बर में संभावित है। निर्वाचन में जिले के मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने तथा मतदान की प्रतिशत बढ़ाये जाने हेतु विस्तृत स्वीप कार्ययोजना तैयार करने हेतु आवश्यक बैठक 12 जुलाई 2023 को सायं 4 बजे से सृजन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

17 से छत्तीसगढ़िया ओलंपिक, पूरी रखें तैयारी : कलेक्टर

- हर गुरुवार तहसीलों में बैठे पूरा राजस्व स्टाफ, प्रकरणों का हो त्वरित निराकरण
- हरेली के लिए तैयार करवाए गए हैं गेड़ी, सी-मार्ट से कर सकते हैं खरीदी
- शत-प्रतिशत स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने चलेगा अभियान
- छात्रावासों का नियमित निरीक्षण करेंगे जिला स्तरीय अधिकारी, कलेक्टर सिन्हा ने दिए निर्देश
- पशुधन के वृहत टीकाकरण का चलेगा कार्यक्रम
- कलेक्टर सिन्हा ने ली समय-सीमा की बैठक

रायगढ़। 17 जुलाई को हरेली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढिया ओलंपिक की शुरुआत होने जा रही है। गांव स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली जाए। खिलाड़ियों का पंजीयन भी करवा लें। समस्त जनपद सीईओ इसकी विशेष रूप से मॉनिटरिंग करेंगे। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज समय-सीमा की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार खेलों के आयोजन की व्यवस्था कर ली जाए। गौरतलब है कि 17 जुलाई से शुरू हो रहे छत्तीसगढिया ओलंपिक 6 चरण में होंगे। जिसमें दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारंपरिक खेलों को शामिल किया गया है।

लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि समय-सीमा के भीतर प्रकरणों का निराकरण हर अधिकारी की प्राथमिकता होनी चाहिए। पिछले दिनों राजस्व शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों से आवेदन मिले हैं। ऐसे आवेदन जिनका निराकरण शेष रह गया है उसे जल्द निपटा लिया जाए। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक गुरुवार को एसडीएम, तहसीलदार, आरआई और पटवारी तहसील कार्यालय में एक साथ अनिवार्य रूप से बैठें। जिससे लोग एक स्थान पर सभी अधिकारियों से मिल सकेंगे और उनके प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी। कलेक्टर सिन्हा ने दूसरे विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को लोगों से मिलने का समय निर्धारित कर, अपने कार्यालय के बाहर चस्पा करें। जिससे दूर दराज से आने वाले आपसे मिल कर सीधे अपनी बात रख सकें।

कलेक्टर सिन्हा ने नगर निगम के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने बारिश के दौरान शहर में जल जमाव की स्थिति न बने इसका विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने खाद बीज की उपलब्धता के बारे में विभागीय अधिकारियों से जानकारी ली। बताया गया कि जिले में पर्याप्त स्टॉक है। जिसका वितरण सहकारी समितियों के माध्यम से किया जा रहा है।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

हरेली के लिए बनवाए गए हैं गेड़ी, सी-मार्ट से कर सकते हैं खरीदी- छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार के रूप में हरेली के आयोजन की इस बार खास व्यवस्था की गई है। वन विभाग रायगढ़ और धरमजयगढ़ ने इस पर्व के लिए विशेष रूप से बांस की गेडियां बनवाई हैं। जिसे विक्रय के लिए सी मार्ट में रखा जा रहा हैं। जहां से यह गेडियां खरीदी जा सकती हैं। कलेक्टर सिन्हा ने सभी सीईओ जनपद को स्थानीय स्तर पर भी वन विभाग द्वारा तैयार करवाई गई गेड़ी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए।

नवप्रवेशी बच्चों के प्राथमिकता से बनवाएं जाति प्रमाण पत्र- कलेक्टर सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक के दौरान जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने की विशेष रूप से समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शत प्रतिशत स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाए जाने हैं। इस शिक्षा सत्र के नवप्रवेशी बच्चे जिनके जाति प्रमाण पत्र नही बने हैं उनके सर्टिफिकेट प्राथमिकता से बनाए जाएं। इसके लिए उन्होंने सभी स्कूलों से जानकारी मंगवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी एसडीएम और तहसीलदारों को इस कार्य को जल्द पूरा करने के लिए निर्देशित किया।

छात्रावासों का जिला स्तरीय अधिकारी करें नियमित निरीक्षण- कलेक्टर सिन्हा ने इस दौरान छात्रावासों के संचालन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी आश्रम छात्रावासों के निरीक्षण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कन्या छात्रावासों के लिए महिला अधिकारियों को निरीक्षण का जिम्मा दिया गया है। प्रतिमाह हर अधिकारी नियमित रूप से छात्रावास का निरीक्षण कर प्रतिवेदन जमा करें। छायावासों का व्यवस्थित संचालन होना चाहिए।

पशुधन के वृहत टीकाकरण के दिए निर्देश- कलेक्टर सिन्हा ने उप संचालक पशुपालन विभाग को जिले में पशुधन के लिए वृहत टीकाकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने रोका-छेका अभियान के तैयारियों के संबंध में भी बैठक में चर्चा की। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों को मैदानी अमले के माध्यम से इसके लिए विशेष रूप से कार्य करने के निर्देश दिए।

पांच टन ओव्हर लोड पर वाहन मालिक और ड्राइवर को न्यायालय से 61,000 रुपए का जुर्माना

रायगढ़। दिनांक 11/07/2023 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ द्वारा ओवरलोड वाहन चलाते पकड़े गए वाहन के चालक और वाहन मालिक पर रु.30500-रु.30500 का जुर्माना किया गया है।

जानकारी के मुताबिक 8 जुलाई को जिंदल बेरियर रोड पर यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की जांच दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 11 AL-3168 में क्षमता से अधिक भार लोडकर परिवहन करते पाये जाने की संभावना पर वाहन का तौल कराया गया, संबंधित वाहन में 18.780 टन माल लोड था जबकि वाहन की लोडिंग क्षमता 12.990 टन थी वाहन में 05.790 टन अधिक भार लोड होना पाये जाने से यातायात पुलिस द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 113/194 MV Act के तहत वाहन के चालक-समय लाल साहू पिता गणेश राम साहू उम्र 44 वर्ष निवासी कडारी थाना बाराद्वार जिला सक्ती एवं वाहन मालिक सौरभ अग्रवाल पिता बिसाहू राम अग्रवाल निवासी नया बाराद्वार जिला सक्ती के विरुद्ध सीजीएम न्यायालय रायगढ़ में इस्तगासा पेश किया गया था। माननीय न्यायाधीश महोदय द्वारा वाहन चालक और वाहन मालिक के कृत्य पर धारा 113/194 मोटरयान अधिनियम का दोषी पाते हुये दोनों पर पृथक-पृथक रु.30,500 के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मितानिनों के हित में अहम निर्णय लिया : प्रतिमाह 2200 रूपए मानदेय में वृद्धि की स्वीकृति

- राज्य शासन ने किया मितानिनों के मानदेय में वृद्धि, मितानिनों में है खुशी की लहर
- कलेक्टर सिन्हा ने मितानिनों को दिया मानदेय वृद्धि की स्वीकृति आदेश की प्रति, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जताया आभार

रायगढ़। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मितानिनों के प्रतिमाह मानदेय में वृद्धि का फैसला लिया है। जिसके तहत मितानिन कल्याण योजना के अंतर्गत मितानिनों को 2200 रूपए की राशि प्रतिमाह एक अप्रैल 2023 से मानदेय में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के मितानिनों को शासन द्वारा मितानिनों के मानदेय में वृद्धि की स्वीकृति आदेश की प्रति प्रदान किए। कलेक्टर सिन्हा ने मितानिनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर क्रियान्वयन में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मितानिनों ने संस्थागत प्रसव, टीकाकरण करने तथा मौसमी बीमारियों के नियंत्रण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए हमेशा तत्पर रही है। इस अवसर पर समस्त मितानिनों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं मितानिन संघ के जिला अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त विकासखण्ड के मितानिन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने वाले मितानिनों के हित में राज्य सरकार द्वारा महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। जिसके तहत मितानिनों को पूर्व में दी जा रही प्रोत्साहन राशि के अतिरिक्त मितानिन कल्याण योजना के अंतर्गत 2200 रूपए की राशि प्रतिमाह एक अप्रैल 2023 से मानदेय में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है।

घरेलू नल कनेक्शनों की बढ़ाएं संख्या : कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा

- काम में लापरवाही पर एसडीओ पीएचई को शो कॉस नोटिस
- कलेक्टर सिन्हा ने ली जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक

रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक ली। उन्होंने विभागीय काम के प्रगति की समीक्षा की। काम के धीमे प्रोग्रेस पर गहरी नाराजगी जताते हुए कलेक्टर सिन्हा ने सभी विभागीय अधिकारियों को जल्द स्वीकृति प्राप्त कार्यों के लिए कार्यादेश जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम के सभी चरण अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, काम की स्पीड बढ़ायें। उन्होंने ईई पीएचई को आगामी कार्ययोजना का शेड्यूल देने के लिए कहा, जिसके आधार पर ही आगे काम के प्रगति की समीक्षा की जाएगी।इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव भी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान कलेक्टर सिन्हा ने अनुविभागवार काम की समीक्षा की। धरमजयगढ़ में काम में लापरवाही मिलने पर वहां के एसडीओ पीएचई को उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिन्हा ने अधिकारियों से कहा कि फील्ड में काम के गुणवत्ता की लगातार मॉनिटरिंग करें। पाइप लाइन बिछाने के साथ, टंकी का निर्माण और वहां से घरों में नल कनेक्शन प्रदान करना, इन सभी कामों की गति और गुणवत्ता का विशेष निगरानी अधिकारियों को रखना है। जिससे काम की क्वालिटी बढिया हो। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य लोगों को घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध कराना है। फील्ड में जल जीवन मिशन के कार्यों में प्रगति दिखनी चाहिए। बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने समूह जल प्रदाय योजना, क्रेड़ा द्वारा सोलर पंप से नल कनेक्शन प्रदान करने संबंधी कार्य की भी समीक्षा की। क्रेडा के अधिकारियों को काम की स्पीड बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान ईई पीएचई परीक्षित चौधरी ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत रायगढ़ के 7 एवं सारंगढ़ जिले के 2 विकासखण्ड के कुल 774 ग्राम पंचायतों के लिए 3 लाख 11 हजार 122 एफएचटीसी की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुयी थी। जिसका शत-प्रतिशत निविदा आमंत्रित किया जा चुका है एवं 2 लाख 89 हजार 209 कार्यादेश जारी हो चुका है। जिसमें 10 जुलाई 2023 की स्थिति में 01 लाख 23 हजार 357 एफएचटीसी प्रदाय किया जा चुका है। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सीएमएचओ डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास बी.के.राजपूत, ईई केलो परियोजना पी.आर.फूलेकर, जिला शिक्षा अधिकारी बी.बाखला सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जल संरक्षण में सामुहिक सहभागिता जरूरी- कलेक्टर सिन्हा ने कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन गांवों में जल जीवन मिशन के तहत कार्य किए जा रहे है। वहां लोगों को जल संरक्षण के लिए भी जागरूक करें। नल कनेक्शन के माध्यम से जलापूर्ति को लेकर गांव के लोगों को प्रशिक्षित करें जिससे हैण्डओवर के पश्चात पंचायतों द्वारा पानी सप्लाई का काम संभाला जा सके। साथ ही गांव के लोगों को जल के अपव्यय को रोकने के लिए भी जागरूक करें।

विशेष अभियान : लंबे समय से फरार 17 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

रायगढ़। आसन्न विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने को लेकर जिला पुलिस अपनी तैयारियों पर है। वही एक ओर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लंबे समय से फरार चले रहे वारंटियों एवं गिरफ्तारी के लिए लुक छिप रहे आरोपियों की धरपकड़ के लिये अभियान चलाया जा रहा है। सबसे पहले ऐसे अपरोपियों को रखा गया है जो लंबे समय से फरार चल रहे थे और कोर्ट की ओर से उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। थाना प्रभारियों ने ऐसे वारंटियों की लिस्टिंग कर रखी है जो थानाक्षेत्र में लुक-छिप कर आते-जाते हैं, उन पर मुखबिर लगाकर धरपकड़ शुरू की गई है। अभियान के तहत कल विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत फरार वारंटियों पर छापेमारी कर पकड़ा गया जिसमें घरघोड़ा पुलिस टीम ने 6, खरसिया ने 04, तमनार ने 03 तथा कापू, चक्रधरनगर, कोतरारोड और लैलूंगा ने 1-1 स्थायी वारंटी (कुल 17) को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है।

अभियान के दौरान गिरफ्तारी वारंट जारी- 09 वारंटी भी पकड़े गये जिन पर माननीय न्यायालय द्वारा वारंट किये गये थे। एसएसपी सदानंद कुमार के निर्देशन पर एडिशनल एसपी संजय महादेवा द्वारा फरार वारंटियों की मॉनिटरिंग की जा रही है। एडिशनल एसपी बताये कि फरार वारंटियों पर धरपकड़ी की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

ऑपरेशन मुस्कान : जून महीने में 20 गुम बच्चों को ढूंढ निकाली रायगढ़ पुलिस

- गुम नाबालिगों को पश्चिम बंगाल, हरियाणा, केरल, तमिलनाडू, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ के कई जिलों से सकुशल वापस लाई पुलिस टीम

रायगढ़। पुलिस मुख्यालय के निर्देशन पर गुम बच्चों की खोज के लिए चलाए जा रहे हैं "ऑपरेशन मुस्कान" के तहत रायगढ़ पुलिस द्वारा माह जून 2023 में विभिन्न थानाक्षेत्र से गुम हुये 20 गुम बच्चों को खोज निकाला गया है, सभी गुम मामलों में धारा 363 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध थे। अभियान दौरान लापता बच्चों के दिगर प्रांत में होने की सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सभी थानों की लिस्टिंग कर टीम रवाना किया गया जिसमें कोतवाली पुलिस की टीम ने थानाक्षेत्र से लापता हुई बालिका को हरियाणा से, जूटमिल पुलिस ने तमिलनाडू से, कोतरारोड़ पुलिस ने झारसुगुडा ओड़िसा से, धरमजयगढ़ पुलिस की टीम ने केरल और भूपदेवपुर पुलिस की टीम ने मेदनीपुर (पश्चिम बंगाल) जाकर नाबालिगों को वापस रायगढ़ लाया गया। इसी क्रम में कई गुम बच्चों को छत्तीसगढ़ के दिगर जिलों से भी पुलिस टीमों ने परिजनों को साथ ले जाकर दस्तयाब किये गये हैं। दस्तयाब किये गये नाबालिगों के काउंसलिंग उपरांत प्रकरण में अपराध का घटित होना परिलक्षित होने पर आरोपियों पर विधि अनुरूप कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा थाना, चौकी एवं महिला रक्षा टीम प्रभारी को चलित थाने, जन चौपाल जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा शिक्षा के अधिकार, मानव तस्करी से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने प्रोत्साहित करने निर्देशित किया गया है , साथ ही प्रभारियों को नाबालिगों के गुम मामलों में किसी प्रकार की कोताही नहीं बरतने के निर्देश हैं।

अब भटगांव क्षेत्र के युवाओं को भी मुहैया होगी सारबिला फ्री कोचिंग की सुविधा

- संसदीय सचिव व कलेक्टर ने किया शुभारम्भ
- कहा. प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए वरदान साबित होगा

सारंगढ़.बिलाईगढ़। जिले के भटगांव क्षेत्र के युवक.युवतियों को अब स्थानीय स्तर पर फ्री कोचिंग की सुविधा मुहैया हो पाएगी। कलेक्टर डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी के विशेष प्रयासों से फ्री कोचिंग 'सारबिला कैरियर अकादमी' का विस्तार जिले में सतत् बढ़ता जा रहा है। इसी क्रम में नगर पंचायत भटगांव में सांस्कृतिक भवन पुराना बस स्टैंड में सारबिला अकादमी का शुभारम्भ संसदीय सचिव एवं बिलाईगढ़ विधायक चंद्रदेव राय के मुख्य आतिथ्य में आज किया गया। इसमें कक्षा दसवीं से लेकर स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत सभी आयुवर्ग के युवक.युवती जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे पीएससी, व्यापमं, एसएससी, रेलवे आदि की तैयारी कर रहे हैं, को निःशुल्क लाभ मिलेगा।

नगर पंचायत भटगांव में आयोजित उक्त शुभारम्भ समारोह में बिलाईगढ़ विधायक एवं संसदीय सचिव राय ने मख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अकादमी इस क्षेत्र के ऐसे युवक.युवतियों के लिए वरदान साबित होगा, जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नए जिले के निर्माण की वजह से इस क्षेत्र में भी विकास की सतत् नई ईबारतें गढ़ी जा रही है। इस तारतम्य में यह अकादमी छात्रों के बेहतर भविष्य संवारने में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही विधायक ने इस अकादमी को मूर्तरूप देने के लिए कलेक्टर डॉ, सिद्दीकी की सराहना की। राय ने शासन की योजनाओं जिनमें गोधन न्याय योजना, नरेगा एवं महतारी दुलार योजना सहित सामान्य ज्ञान से जुड़े हुए सवाल उपस्थित छात्र.छात्राओं से पूछे तथा उनके उज्जव भविष्य की कामना की।

कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि विषय वस्तु पर पकड़ मजबूत करने एक.एक चीज ध्यान से पढ़ें और बारम्बार उसे दुहराएं ताकि सब कुछ स्पष्ट हो जाए। साथ ही बताया कि कितनी भी विपरीत परिस्थिति हो, अगर अपने भीतर जुनून और हौसला कायम रखें तो निश्चय ही सफलता मिलेगी। इसके अलावा कलेक्टर ने समय प्रबंधन, एकाग्रता, तत्परता से तैयारी करने और सभी विषयों पर समान रूप से फोकस कर लक्ष्य हासिल करने की सलाह उपस्थित छात्र.छात्राओं को दी। कलेक्टर ने विषय आधारित शिक्षक एवं परीक्षोपयोगी कटेंट उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, एसडीएम डॉ स्निग्धा तिवारी, नगरपालिका अधिकारी एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र.छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480